# हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग

# जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय

अध्ययन मंडल ( BOS ) की बैठक

दिनांक: 20 दिसंबर, 2021

कार्यवृत्त

कार्यसूची 01 : विभागीय शोध समिति (DRC) द्वारा संस्तुत 8 शोध-प्रस्तावों का शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुतिकरण, विचार-विमर्श और (अध्ययन मंडल के विचारार्थ) अनुमोदन

हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग के अध्ययन मंडल (BOS) की बैठक google meet द्वारा दिनांक 20 दिसंबर, 2021 को अपराह्न 01.00 बजे से हुई। बैठक की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. रसाल सिंह ने की। बैठक में में प्रो. पी.एन. त्रिशल, प्रो. मोहन, प्रो. एम.पी. शर्मा, प्रो. गोविंद सिंह, डॉ. शशांक शुक्ला, डॉ. विनय कुमार शुक्ल, डॉ वंदना शर्मा ( विशेष आमंत्रित सदस्य) , डॉ रत्नेश कुमार यादव ( विशेष आमंत्रित सदस्य) एवं डॉ अरविन्द कुमार यादव ( विशेष आमंत्रित सदस्य) सम्मिलित थे। बैठक में विभाग के 8 शोधार्थियों ने अपने शोध-निर्देशकों की उपस्थिति में विभागीय शोध-समिति द्वारा संस्तुत शोध-प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया।

बैठक के प्रारंभ में प्रो. रसाल सिंह ने विभाग की ओर से सभी सदस्यों का स्वागत किया।

कार्यसूची 01 : 8 शोध छात्रों ने क्रमशः अपने शोध-प्रस्ताव प्रस्तुत किये-

1-प्रभाकर कुमार (शोध निर्देशक प्रो रसाल सिंह) के शोध शीर्षक - " कश्मीर केंद्रित विस्थापन और हिंदी उपन्यास:एक सांस्कृतिक अध्ययन "

2-आर. आशा (शोध निर्देशक प्रो रसाल सिंह) के शोध शीर्षक - " कश्मीर के स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य में भारतीयता "

3-अमित कुमार चौबे (शोध निर्देशक डॉ शशांक शुक्ला) के शोध शीर्षक - " हिंदी कवि- आलोचना के प्रतिमान:प्रयोग एवं सिद्धांत ( 1990 से 2020 तक ) " (पूर्व ) को संशोधित करके "हिंदी कवि-आलोचना के प्रतिमानों का समीक्षात्मक अध्ययन" (1990 से 2020 तक) कर दिया गया।

4-कृष्णमोहन (शोध निर्देशक डॉ शशांक शुक्ला) के शोध शीर्षक- "कश्मीर आधारित हिंदी फिल्मों का समाजशास्त्रीय अध्ययन"

5-पूजा शर्मा (शोध निर्देशक डॉ वंदना शर्मा) के शोध शीर्षक -" 21वीं सदी के हिंदी संस्मरणों का समाजशास्त्रीय अध्ययन " (पूर्व) को संशोधित करके " 21वीं सदी के हिंदी संस्मरण साहित्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन" कर दिया गया।



Scanned with OKEN Scanner

6-आरती देवी (शोध निर्देशक डॉ विनय कुमार शुक्ल) के शोध शीर्षक -" समकालीन हिंदी ग़ज़ल में यथार्थवादी चेतना "
7-कमलदीप सिंह (शोध निर्देशक डॉ रत्नेश कुमार यादव) के शोध शीर्षक -" हिंदी यात्रा साहित्य में पहाड़ी जीवन "
8-मनीष कुमार (शोध निर्देशक डॉ अरविन्द कुमार यादव) के शोध शीर्षक-" हिंदी उपन्यासों में दिव्यांग पात्रों का समाजशास्त्रीय अध्ययन "

शोध प्रस्ताव पर अध्ययन बोर्ड के सभी सदस्यों द्वारा गहन विचार- विमर्श किया गया। अमित कुमार चौबे, पूजा शर्मा एवं मनीष कुमार के शोध शीर्षक में किंचित परिवर्तन करने का सुझाव बोर्ड के सदस्यों ने दिया। अमित कुमार चौबे के शोध शीर्षक को संशोधित करके " **हिंदी कवि-आलोचना के प्रतिमानों का समीक्षात्मक अध्ययन"( 1990 से 2020 तक)** कर दिया गया। पूजा शर्मा के शोध शीर्षक **" 21वीं सदी के हिंदी संस्मरण साहित्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन"** कर दिया गया।मनीष कुमार के शोध शीर्षक "हिंदी उपन्यासों में विकलांग पात्रों का समाजशास्त्रीय अध्ययन" में विकलांग शब्द को हटाकर दिव्यांग शब्द रखने के अलावा विषय को सीमित करने का सुझाव बोर्ड के सदस्यों ने दिया। संशोधित रूप में शोध प्रस्ताव **"हिंदी उपन्यासों में दिव्यांग पात्रों का समाजशास्त्रीय अध्ययन"** कर दिया गया। शेष पांच छात्रों का शोध शीर्षक यथावत स्वीकृत किया गया।

अध्ययन बोर्ड के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत शोध प्रस्तावों को संशोधनों के पश्चात्/सशर्त संस्तुति प्रदान की गई तथा शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत शोध प्रस्तावों को अपेक्षित संशोधनों के साथ विद्यालय मंडल ( स्कूल बोर्ड ) में रखने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही सभी सदस्यों ने विभागाध्यक्ष प्रो. रसाल सिंह को आवश्यक संशोधन करवाकर कार्यवृत्त साझा करने/ अनुमोदन प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया।

कार्यसूची 02 : हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद में सर्टिफिकेट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम को संस्तुति हेतु अध्ययन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत

हिंदी विभाग द्वारा सत्र 2021-2022 से हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद में सर्टिफिकेट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ हो रहा है, जिसके पाठ्यक्रम को अध्ययन बोर्ड के सदस्यों ने स्वीकृत/अनुमोदित किया गया।

अध्ययन बोर्ड ( बोर्ड ऑफ स्तुडीज़ ) के सभी सदस्यों द्वारा कार्यसूची 01 एवं 02 को संस्तुति प्रदान की गई। तथा अध्ययन बोर्ड के संस्तुत प्रस्तावों को विद्यालय मण्डल में रखने हेतु अनुमोदन किया गया। पीएचडी समन्वयक डॉ. शशांक शुक्ला के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।



Sharma.

Ratnesh Kumar Yadav

विनयकुमार शुक्ल

Gmail

Search all conversations

# विषय : अध्ययन मंडल की बैठक का कार्यवृत

External Inbox

**office hnd**
आदरणीय महोदय , अध्ययन मंडल की बैठक का कार्यवृत्त प्रेषित है। कृपया संज्ञान लें। अनुमोदनार्थ प्रेषित प्रो. रसाल सिंह

**Mahendra Sharma**
to me, govind24, mohanhindi.du, pntrisal, hod

मैं अध्ययन  मंडल की बैठक के कार्यवृत्त की संस्तुति करता हूँ.
प्रो. एम. पी. शर्मा

**PROF.MOHAN**
to Mahendra, me, govind24, pran, hod

मैं  अध्ययन मंडल की बैठक में पारित निर्णय को अपनी संस्तुति प्रदान करता हूँ.
सधन्यवाद
प्रो.मोहन
हिंदी विभाग,दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली.

**Govind Singh**
to PROF.MOHAN, Mahendra, me, pran, hod

कार्यवृत्त से मैं भी सहमत हूँ.
गोविन्द सिंह

Reply    Reply all    Forward



Scanned with OKEN Scanner

99+

# विषय : अध्ययन मंडल की बैठक का कार्यवृत External Inbox ×

**office hnd**

आदरणीय महोदय , अध्ययन मंडल की बैठक का कार्यवृत्त प्रेषित है। कृपया संज्ञान लें। अनुमोदनार्थ प्रेषित प्रो. रसाल सिंह

2

**Govind Singh**

to PROF.MOHAN, Mahendra, me, pran, hod

कार्यवृत्त से मैं भी सहमत हूँ.
गोविन्द सिंह

**pran nath Trisal**

to me

मैं अध्ययन मंडल की बैठक के कार्यवृत की संस्तुति करता हूं।. प्राण नाथ त्रिछ़ल (सेवा निवृत्त) प्रोफेसर, जम्मू विश्वविद्यालय।

Reply Forward



Scanned with OKEN Scanner